विश्व पर्यावरण दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

# नवभारत

राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से




## एक नजर में



### कर्नल पर टिप्पणी करने वाले शाह फिर विवादों में

**भोपाल.** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के आदिवासी क्षेत्र खालवा में गैंगरेप और हत्या की दिल दहला देने वाली घटना के 9 दिन बाद मंत्री विजय शाह मंगलवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे. इसके वाद मंत्री शाह की पीड़ित परिवार के साथ उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं. इसके बाद विवाद छिड़ गया. बताया जा रहा है कि जब विजय शाह खालवा में मृतका के परिजनों से मिलने पहुंचे, तब स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने उस मुलाकात की तस्वीरें क्लिक कर सोशल मीडिया पर डाल दीं. इनमें पीड़िता के परिजनों के चेहरे साफ नजर आ रहे हैं, जिससे उनकी निजता भंग हुई है.

### जम्मू में एसपीओ समेत दो गिरफ्तार

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर और कठुआ जिलों में नशीले पदार्थों के साथ एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को मपुर शहर के फंग्याल इलाके के पास गश्त के दौरान एक टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर आरोपी की पहचान डीपीएल उधमपुर में विशेष पुलिस अधिकारी के पद पर तैनात विशाल सिंह के रूप में हुई। उसके पास से 5.64 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। कठुआ जिले के रामकोट इलाके के गलाक में एक ड्रग तस्कर को 2.410 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

### एम्स में बड़ी आंत से बना दी भोजन की आहार नली

**देहरादून.** उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपने अनुभव और टीम वर्क की कौशलता से एक साल से अधिक समय से फीडिंग पाईप से भोजन ग्रहण कर रही एक महिला की सर्जरी के जरिये उसकी नयी आहार नली बना दी। महिला मरीज अपनी बीमारी को नियति मानकर जीवन की आस खोने लगी थी। इस बीच एम्स में अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने सर्जरी के जरिये उसकी नयी आहार नली बना दी। आम लोगों की तरह मुंह से भोजन शुरू हुआ तो मानों महिला का जीवन वापस लौट आया। सर्जरी के बाद महिला अब आम लोगों की तरह भोजन ग्रहण कर रही है.

## गुस्ताखी माफ




# कार पर ट्रक पलटने से 9 लोगों की मौत

## झाबुआ के मेघनगर में तड़के करीब 2.30 बजे हुआ हादसा, शादी समारोह से लौट रहा था परिवार

**झाबुआ, 4 जून. मध्य प्रदेश में झाबुआ के मेघनगर इलाके में देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई है. राजस्थान से सीमेंट लेकर आ रहा एक ट्रक, मारुती ईको वैन पर पलट गया. ईको में सवार 11 लोगो में से 9 लोगों की मौत हो गई. हादसा रात करीब 3 से 4 बजे के करीब हुआ.**

मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के सीमेंट से लदे ट्रेलर ट्रक के वैन पर पलट जाने से नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. एजेंसी के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि यह हादसा तड़के करीब 2.30 बजे हुआ, जब एक ही परिवार के पीड़ित एक शादी समारोह से लौट रहे थे. झाबुआ के पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ला ने बताया, ट्रक मेघनगर तहसील इलाके के अंतर्गत संजेली रेलवे क्रॉसिंग के पास एक अस्थायी सड़क से निर्माणाधीन रेल ओवर-ब्रिज को पार कर रहा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह एक वैन पर पलट गया. उन्होंने बताया कि हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए.



मध्य प्रदेश के झाबुआ में हुए दर्दनाक हादसे पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने दुख जताया हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये देने का ऐलान किया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया और मृतक के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की।

## स्टेडियम के बाहर भीड़ बेकाबू होने से 11 की मौत

**बेंगलुरु, 4 जून.** आरसीबी की टीम ने आईपीएल 2025 जीत लिया है और इसके बाद पूरी टीम का बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में सम्मान हो रहा था, इसी दौरान भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया तो, भगदड़ मच गई. इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए. रिपोर्ट्स के मुताबिक 15 लोगों की हालत गंभीर है. भगदड़ में मारे गए लोगों में महिला भी शामिल हैं.



आरसीबी की विक्ट्री परेड में शामिल लोग बड़ी संख्या में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मौजूद थे. पुलिस ने उन्हें काबू करने के लिए लाठीचार्ज किया और इसके बाद भगदड़ मच गई. विक्ट्री परेड का आगाज शाम 5 बजे होना था लेकिन ऐसा हो नहीं पाया. खिलाड़ी कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया से मिलने विधानसभा पहुंचे हैं और इसके बाद खिलाड़ियों की टीम बस चिन्नास्वामी स्टेडियम तक जाएगी. यहां बड़ी बात ये है कि पूरे रास्ते पर हजारों की संख्या में लोग हैं, जिसके बाद उन्हें संभालना मुश्किल हो गया है.

आरसीबी की जीत का जश्न मातम में बदलता नजर आ रहा है. बता दें आईपीएल 2025 के फाइनल में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से मात दी. आरसीबी ने पहली बार आईपीएल का खिताब जीता. इस जीत के बाद से ही कर्नाटक समेत कई शहरों में जीत का जश्न मनाया गया. लेकिन अब इस टीम की विक्ट्री परेड के दौरान जो हादसा हुआ है उसने इस जीत को फीका कर दिया है.

## पत्रकारों से मारपीट पर सुको का एमपी सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली, 4 जून.** मध्य प्रदेश में पत्रकारों से मारपीट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने रेत माफिया पर रिपोर्टिंग करने के लिए पुलिस स्टेशन में पत्रकारों से मारपीट मामले में मध्य प्रदेश को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पत्रकार शशिकांत गोयल और अमरकांत सिंह चौहान द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई और मध्य प्रदेश को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। याचिकाकर्ताओं के वकील ने पीठ से कहा कि याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया जाए। पीठ ने कहा कि दूसरे पक्ष को जवाब देने दीजिए। राज्य को भी तथ्य पेश करने दीजिए। कोर्ट याचिका पर नोटिस जारी किया और नौ जून को अगली सुनवाई तय की। 28 मई को दिल्ली उच्च न्यायालय ने पत्रकार अमरकांत चौहान को सुरक्षा प्रदान की थी। उन्होंने दावा किया था कि भिंड के पुलिस अधीक्षक ने कथित रूप से की उनकी पिटाई की। इससे उनकी जान को खतरा है।

## दिव्यांगजन अपनी क्षमता से बनाते हैं स्थान

**भोपाल, 04 जून (वार्ता) मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं। यह आत्मविश्वास ही उन्हें विशेष पहचान देता है। मध्यप्रदेश सरकार उन्हें हर स्तर पर प्रोत्साहित करने और सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।**



डॉ यादव दिव्यांगजन को नियुक्ति पत्र तथा अन्य हितलाभ वितरण कार्यक्रम को पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान के सभागार में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परमात्मा हमारे शरीर में भले ही कोई एक गुण कम करता है, लेकिन बदले में कई गुण बढ़ाकर भी देता है। दिव्यांगजन समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। उनकी अपने-अपने क्षेत्र में योग्यताएं हैं। राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए शासकीय नौकरियों में अतिरिक्त 2 प्रतिशत आरक्षण दिया है।

> मुख्यमंत्री ने महाकवि सूरदास, अष्टावक्र, सकुरात, स्वामी रामभद्राचार्य, सुप्रसिद्ध संगीतकार श्री रविंद्र जैन का उदाहरण देते हुए कहा कि शारीरिक सौंदर्य और शारीरिक पूर्णता से नहीं अपितु विशेषज्ञता पूर्ण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देकर इन महान व्यक्तित्वों ने समाज में योगदान दिया और इतिहास में स्थान बनाया।

### शहरी निकायों की राष्ट्रीय कान्फ्रेंस गुरुग्राम में

**चंडीगढ़, 04 जून (वार्ता).** शहरी स्थानीय निकायों की राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस तीन और चार जुलाई को गुरुग्राम में होगी। कॉन्फ्रेंस का आयोजन लोक सभा और हरियाणा विधान सभा के संयुक्त तत्वावधान में होगा और मेजबानी हरियाणा विधानसभा को सौंपी गयी है। लोक सभा ने हरियाणा विधान सभा को पत्र लिख कर इस सम्मेलन के लिए समुचित व्यवस्थायें करने को कहा है।

## मार्च 2027 से जनगणना

- 16 जून को जारी होगी विस्तृत अधिसूचना
- सरकार का दो चरणों में जनगणना कराने का फैसला

**नयी दिल्ली, 04 जून. केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय जनगणना मार्च 2027 में दो चरणों में कराने की घोषणा की है और इसके लिए अधिसूचना 16 जून को जारी की जायेगी। लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों जनगणना का काम अगले साल सितंबर में ही शुरू किया जा सकता है। बाकी प्रदेशों में यह काम फरवरी 2027 में शुरू किए जाने की संभावना है।**

सरकार के निर्णय के अनुसार इस बार की जनगणना में जातियों की गणना भी शामिल होगी। पिछली जनगणना 2011 में की गयी थी और उस समय भी यह काम दो चरणों में पूरा किया गया था। गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि जनगणना-2027 के लिए

संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को रखी जायेगी। केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि अक्टूबर, 2026 के प्रथम दिन रखी गयी है।

## न्यायपालिका को सच्चाई रखने का हक

**नयी दिल्ली, 04 जून. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने कहा है कि लोकतंत्र में न्यायपालिका को न केवल न्याय देना चाहिए, बल्कि उसे एक ऐसी संस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता के सामने सच्चाई को रखने की हकदार है।**



न्यायमूर्ति गवई ने कहा कोई भी व्यवस्था चाहे वह कितनी भी मजबूत क्यों न हो, उसमें कुछ न कुछ खामियां जरूर सामने आती हैं और उन्हें दूर करने के प्रयास तत्काल किए जाने चाहिए। कोई भी व्यवस्था पेशेवर कदाचार के मुद्दों के प्रति संवेदनशील होती है और दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा, ऐसी घटनाओं का जनता के विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी व्यवस्था की अखंडता पर लोगों का भरोसा कम हो सकता है , हालांकि इस विश्वास को फिर से बहाल करने का रास्ता इन मुद्दों से निपटने और हल करने के लिए की गई त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई में निहित है।

> न्यायमूर्ति गवई ने तीन जून, 2025 को ब्रिटेन की शीर्ष अदालत में न्यायिक वैधता और सार्वजनिक विश्वास बनाए रखने विषय पर आयोजित गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते ये विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में जब भी ऐसे (भ्रष्टाचार और कदाचार) मामले सामने आए हैं, तो यहां शीर्ष न्यायालय ने उससे निपटने के लिए लगातार तत्काल और उचित उपाय किए हैं।

